NSW GOVERNMENT

School counselling service

Information for parents and carers

स्कूल की काउंसलिंग (सलाह-मशविरा) सेवा

माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए जानकारी

NSW के सभी सरकारी स्कूलों के पास स्कूल काउंसलिंग सेवा के माध्यम से मनोवैज्ञानिक सहायता तक पहुँच है।

स्कूल काउंसलिंग सेवा में स्कूल काउंसलर (परामर्शदाता) और स्कूल के मनोवैज्ञानिक शामिल होते हैं जो प्री-स्कूल से लेकर कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों के लिए काउंसलिंग, मनोवैज्ञानिक आकलन और मध्यवर्तन (इंटरवेन्शन) प्रदान करते हैं। विद्यार्थियों की शिक्षण, मानसिक स्वास्थ्य तथा कल्याण संबंधी आवश्यकताओं का समर्थन करने, और सुरक्षित, स्वस्थ, तथा समर्थनकारी शिक्षण परिवेशों का निर्माण करने के लिए, वे परिवारों, स्कूली कर्मचारियों, और अन्य पेशेवरों के साथ मिलकर काम करते हैं।

स्कूल के सभी काउंसलिंग कर्मचारियों को मनोविज्ञान में स्नातकोत्तर योग्यता प्राप्त होती है और वे मानसिक स्वास्थ्य, शिक्षण, तथा व्यवहार में अपनी विशेषज्ञता का प्रयोग करते हैं ताकि बच्चों और युवाओं को अकादमिक, सामाजिक, व्यवहारिक, और भावनात्मक तौर पर कामयाब होने में सहायता मिल सके।

स्कूल काउंसलर या स्कूल मनोवैज्ञानिक निम्नलिखित कर सकते हैं:

- विद्यार्थियों को काउंसलिंग प्रदान करना
- विद्यार्थी शिक्षण और मानसिक स्वास्थ्य आवश्यकताओं का आकलन करना
- शिक्षकों और विशेषज्ञ कर्मचारियों के साथ सहयोगपूर्ण तरीके से काम करना
- परिवारों को उनके बच्चों की शिक्षण और मानसिक स्वास्थ्य की ज़रूरतों को समझने और प्रबंधित करने में सहायता करना
- अलग-अलग विद्यार्थियों के लिए समन्वित, संपूर्ण समर्थन प्रदान करने के लिए बाहरी संस्थाओं और मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों के साथ संपर्क करना।

विद्यार्थियों, माता-पिता या देखभालकर्ताओं, और शिक्षकों के साथ काम करते समय, स्कूल काउंसलिंग कर्मचारी यह विवरण देंगे कि वे कैसे काम करते हैं, जो कहा जाता है उसे ध्यानपूर्वक सुनेंगे, विकल्पों को स्पष्ट करने में मदद देंगे और सोचे-समझे फैसले लिए जाने को बढ़ावा देंगे।

गोपनीयता

स्कूल काउंसलिंग कर्मचारी विद्यार्थियों के लिए स्वैच्छिक और गोपनीय मनोवैज्ञानिक समर्थन प्रदान करते हैं। गोपनीय जानकारी को विद्यार्थी, माता-पिता, या देखभालकर्ता की अनुमति के बिना अन्य लोगों के साथ साझा नहीं किया जाएगा बशर्ते कि ऐसा करना कानूनन आवश्यक हो या सुरक्षा अथवा कल्याण को गंभीर खतरे की रोकथाम करने की ज़रूरत हो।

रेफरल

स्कूल काउंसलिंग समर्थन के लिए प्राथमिकताओं का निर्धारण स्कूल की शिक्षण और कल्याण टीमों के साथ विचार करके किया जाता है। जिन माता-पिता या देखभालकर्ताओं को अपनी संतान की शिक्षा, मानसिक स्वास्थ्य और/या कल्याण को लेकर चिंताएँ होती हैं, वे स्कूल से संपर्क करके अपॉइंटमेंट बुक करने का अनुरोध कर सकते हैं। विद्यार्थी अपॉइंटमेंट बुक करने के लिए खुद को रेफर भी कर सकते हैं या माता-पिता अथवा शिक्षण कर्मचारियों से सहायता ले सकते हैं।

टेलीफोन दुभाषिया सेवा

यदि आपको और अधिक जानकारी की आवश्यकता है तो कृपया स्कूल को फोन करें। यदि आपको अपनी पूछताछ के साथ सहायता के लिए दुभाषिए की ज़रूरत है, तो कृपया टेलीफोन दुभाषिया सेवा को 131 450 पर फोन करें और अपनी भाषा में दुभाषिए की मांग करें।

ऑपरेटर को वह फोन नम्बर बताएँ जिसपर आप कॉल करना चाहते/ती हैं और ऑपरेटर बातचीत में आपकी सहायता करने के लिए दुभाषिए को लाइन पर जोड़ेगा। इस सेवा के लिए आपसे शुल्क नहीं लिया जाएगा।